साढ़े तीन आने रोज की आमदनी को कम से कम एक रुपये तक लाना है, तो इन तीनों योजनाओं के बारे में वह पूरी मदद दे, वह नेपाल सरकार से बातचीत करे और करनाली योजना का काम प्रारम्भ कर दे ।

जहां तक शिक्षा का सम्बन्ध है, हम लोग अनुसन्धान से परेशान हैं । दुनिया के दूसरे लोग चन्द्रलोक, शुक्र और सूर्यलोक में पहुंच रहे हैं । लेकिन हमारे यहां क्या स्थिति है ? आपको जान कर आश्चर्य होगा कि आई० सी० ए० आर०---इण्डियन कौंसिल आफ़ एग्रीकल्चरल रिसर्च, सी० एस० आई० आर०, बरेली का आई० बी० आर० आई०---इंडियन वेटेरिनरी रिसर्च इंस्टीच्यूट, कानपुर और बम्बई के आई० आई० टी० आदि रिसर्च इंस्टीट्यूटस में वैज्ञानिक खोज का प्रबन्ध गांव सभाओं और को-आपरेटिव सोसायटियों की तरह चलाया जा रहा है । वहां फ़र्ज़ी बोर्ड बने हुए हैं ।

कानपुर और बम्बई के आई० आई० टी० में बंगलिंग है । हमने इस बारे में प्रश्न उठाया है । आई० आई० टी०, कानपुर में रजिस्ट्रार ने जब भ्रष्टाचार का सवाल उठाया, तो डायरेक्टर ने उनका सस्पेन्ड कर दिया । अगर सरकार इन संस्थाओं को ठीक तरह से चलाना चाहती है, तो वह उन्हें कानून के अन्तर्गत लाये । जहां तक सी० एस० आई० आर० का सम्बन्ध है, मेनन साहब साइन्स एण्ड टैक्नोलाजी विभाग के सेक्रेटरी भी हैं और सी० एस० आई० आर० के डायरेक्टर भी हैं । सरकार को इस संस्था के लिए कोई और आदमी नहीं मिला है । उसके लिए अलग डायरेक्टर होना चाहिए । वहां पर करोड़ों रुपये का घपला है । बरेली के आई० बी० आर० आई० के 17 प्रोफ़ेसर रो रहे हैं और हाईकोर्ट में मुकदमा लड़ रहे हैं । मेरे पास देहरादून से चिट्ठी आई है कि वहां पर पेट्रोलियम रिसर्च इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों की बुरी हालत है ।

Mr. CHAIRMAN: The hon. Member may continue his speech tomorrow.

BUSINESS ADVISORY COMMITTEE

THIRTY-THIRD REPORT.

THE MINISTER OF PARLIAMENTAY AFFAIRS AND LABOUR (SHRI RAVINDRA VARMA): Sir I beg to present the hirty-third Report of the Business Advisory Committee.

18.57 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Thursday, April 26th 1979/Vaisakha 6, 1901 (Saka).

G.M.G.I.P.M.R. ND—LS II 9-7-79—8010